:: प्रेस नोट ::

यूपी-112 पुलिस, जनपद सम्भल, दिनांक-12.12.2024 ।

(पीआरवी द्वारा साहसिक / सराहनीय कार्य)

PRV 1447 के कर्मचारीगणो **द्वारा एक 12 वर्ष के** दिव्यांग बच्चे को पीआरवी द्वारा दिव्यांग स्कूल रतनपुर में पहुँचा कर कॉलर की सहायता की गयी।

दिनांक- 11.12.2024 को थाना बनियाठेर में संचालित यूपी-112 पुलिस पीआरवी-UP32DG1447 को समय 22:17 बजे इवेंट P11122449113 प्राप्त हुई, ***जिसमे कॉलर सुनील पुत्र श्यामबरन नि0 गुलरिहा थाना गुलरिहा बाजार जिला गोरखपुर ने बताया कि मुझे दिव्यांग स्कूल रतनपुर थाना कुढफतेहगढ जनपद सम्भल जाना है, किन्तु ITI कॉलेज चन्दौसी से कोई साधन नही मिल रहा है अधिक रात होने के कारण डर लग रहा है पुलिस की सहायता चाहिए ।*** उक्त इवेंट पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पर पहुँच कर देखा कि एक करीब 12 वर्ष का बच्चा जिसे आँखो से बिल्कुल दिखाई नही दे रहा है अधिक रात्रि एवं कड़कड़ाती ठंड होने के कारण कप कपा रहा है जो बहुत ज्यादा डरा हुआ है। पीआरवी कर्मियों ने तत्काल संबंधित थाना बनियाठेर को अवगत कराते हुए मानवीय दृष्टिकोण एवं अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए पीआरवी वाहन में दिव्यांग बच्चे को बैठाकर उसके बताये गये पते दिव्यांग स्कूल ग्राम रतनपुर कलां थाना कुढफतेहगढ जनपद सम्भल पहुचा कर स्कूल स्टाफ के सुपुर्द किया गया। पीआरवी द्वारा किये गये उक्त कार्य की जनता द्वारा भूरि -भूरि प्रशंसा की एवं स्कूल में उपस्थित स्टाफ ने धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदया (दक्षिणी)/नोडल अधिकारी यूपी-112 जनपद सम्भल सुश्री अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी महोदय पुलिस लाइन बहजोई श्री गणेश कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 श्री वेदप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में उक्त सूचना / इवेंट पर यूपी-112 पीआरवी-UP32DG 1447 के पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सूचना के मात्र 02 मिनट में दिव्यांग बच्चे को कड़कड़ाती ठंड एवं अंधेरे स्थान से ले जाकर गंतव्य स्थान पर पहुचा कर सहायता की गयी।

<u>पीआरवी- UP32DG1447 पुलिस स्टाफः-</u>

1. **कमाण्डरः-** मु0आ0 42 विवेक गौतम (7906586261)
2. **पायलटः-** हो0गा0चा0 पंकज शर्मा